भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2254

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

सार्वजनिक पार्क में जिम के उपकरण

2254. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि हो रही है;

(ख) क्या सरकार की सार्वजनिक पार्कों में जिम उपकरण लगाने की योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): यह मंत्रालय आयु, जेंडर या सामाजिक-आर्थिक स्थिति का भेद-भाव किए बिना फिटनेस और ऐसी स्वास्थ्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो सभी के लिए समावेशी और सुलभ हो। खेलो इंडिया स्कीम के तहत फिट इंडिया अभियान की फिट इंडिया क्विज, फिट इंडिया वीक, साइक्लोथॉन और फ्रीडम रन जैसी पहलों के माध्यम से शारीरिक कार्यकलापों को बढ़ावा मिलता है। इन आयोजनों के माध्यम से नागरिक व्यायाम करने के लिए प्रेरित होते हैं और उन्हें फिटनेस के बारे में जागरूकता भी मिलती है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है । इस मंत्रालय में खेलो इंडिया स्कीम के तहत पब्लिक पार्क में जिम उपकरण लगवाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल विकास निधि स्कीम के तहत अरुणाचल प्रदेश के 26 जिला मुख्यालयों में ओपन एयर जिम स्थापित किए हैं।

****